अनिमितताओं पर भड़की जिला सीईओ

बैरसिया, 04 फरवरी. जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत नजीराबाद में ली सेक्टर बैठक .बैरसिया, 04 फरवरी. भोपाल जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी इला तिवारी बुधवार को नजीराबाद के पंचायत भवन में पहुंची.

उन्होंने नजीराबाद सेक्टर एवं गड़ाकला सेक्टर की ग्राम पंचायतों की समीक्षा की. इस दौरान जिला सीईओ ने पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की प्रगति जानी और अधूरे निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूरा कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए.

साथ ही पंचायतों में सड़क निर्माण, स्कूल भवन की मरम्मत, और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. साथ ही सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का तुरंत निराकरण सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को पाबंद किया. वहीं पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए. वहीं बैठक उपरांत जिला सीईओ ने ग्राम पंचायत नजीराबाद, सिंधौड़ा, उमरिया सूरजपुरा एवं बहरावल में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया. स्थल निरीक्षण के दौरान अमृत सरोवर की अनिमितताओं पर भड़क उठी. इस दौरान जनपद सीईओ देवेश सराठे, सहित समस्त उपयंत्री, सहायक उपयंत्री, समस्त सेक्टर प्रभारी, पंचायत सचिव, सहायक सचिव उपस्थित रहे.

यह भी निर्देश दिए

1. ग्राम पंचायत गढ़ा ब्राह्मण के निर्माण कार्यों में लापरवाही करने वाले सरपंच, सचिव और उपयंत्री के ऊपर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए.
2. जनपद पंचायत बैरसिया अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघौड़ा में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए उपयंत्री और सहायक यंत्री को सुधार के निर्देश दिए गए.
3. ग्राम पंचायत रमगढ़ा में अटल पंचायत भवन के निर्माण कार्य में लापरवाही करने वाले सरपंच, सचिव और उपयंत्री पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए.
4. जनपद पंचायत बैरसिया अंतर्गत आंगनबाड़ी भवन और सामुदायिक भवन के निर्माण कार्यों को 15 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए.
5. मनरेगा योजना अंतर्गत श्रमिकों की ई-केवाईसी शत प्रतिशत कराने के निर्देश दिए गए.
6. मनरेगा योजना अंतर्गत पूर्व वर्षों के अपूर्ण कार्यों के पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए एवं लेबर नियोजन करने के लिए निर्देशित किया गया.
7. ग्राम पंचायत नजीराबाद में निर्मित खेत तालाब के तकनीकी मापदंड अनुसार कार्य कराए जाने के लिए निर्देशित किया.
8. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में घर-घर कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने के लिए समस्त पंचायतों को निर्देश दिए गए.
9. साथ ही ग्राम पंचायतों के कचरा वाहनों को दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया. वहीं निर्देश का पालन न करने वाली पंचायतों पर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया.

बीएल संतोष के आगमन से सब चौंके

भाजपा कार्यालय भी पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 4 फरवरी. ऐसे समय जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल दिल्ली में थे, तब बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भोपाल पहुंचे. उनकी इस अचानक यात्रा से यहां कयासों का दौर शुरू हो गया.

प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री को हटाने के बाद ये उनकी पहली यात्रा थी. यहां आने के बाद वे भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचने से पहले भाजपा के पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की माताजी को देखने सीधे अस्पताल पहुंचे. संतोष ने वहां परिजनों से माताजी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली. इसके बाद वे भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने चुनिंदा पदाधिकारियों से चर्चा की.

बताया जा रहा है कि इस दौरान उन्होंने प्रदेश पदाधिकारियों से केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट के संबंध में जानकारी लोगों तक पहुंचने की बात कही. वहीं वीबी जी रामजी को लेकर भी लोगों तक व्यापक जानकारी पहुंचने की नसीहत पदाधिकारियों को दी. उन्होंने योजना को लेकर कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को लेकर स्थिति साफ करने की भी बात कही. बीएल संतोष ने भाजपा कार्यालय परिसर में केंद्र सरकार के बजट को लेकर बनाई रंगोली को भी देखा और उसकी तारीफ की.

ऐसे समय जब निगम-मंडल और प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर सूची तय करने का काम चल रहा है. ऐसे में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री के राजधानी पहुंचने को महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

हथियारबंद बदमाशों ने परिवार को बनाया बंधक

सोने-चांदी व नकदी लूटकर फरार हुए आरोपी, महिलाओं से भी की मारपीट

सलामतपुर,04 फरवरी. क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ा में मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच सनसनीखेज लूट की वारदात सामने आई है. गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर खेत पर बने मकान में रह रहे एक परिवार को हथियारों से लैस 4 से 5 अज्ञात बदमाशों ने बंधक बनाकर सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी लूट ली. लूट के दौरान महिलाओं समेत परिवार के सदस्यों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई.

> लूट के दौरान चाचा लक्ष्मण विश्वकर्मा ने छिपकर पड़ोसी किसान के चौकीदार को मोबाइल से सूचना दी. टॉर्च की रोशनी दिखाई देने पर आरोपी खेतों के रास्ते पैदल ही फरार हो गए. घटना की सूचना मिलते ही सलामतपुर थाना पुलिस सहित उमरावगंज, सांची और सैंडोरा चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची. डॉग स्क्वॉड व एफएसएल टीम ने भी जांच की. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे ने बताया कि चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है. घायलों का सांची सिविल अस्पताल में उपचार के बाद विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है. घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है.

पुलिस के अनुसार बांसखेड़ा निवासी फरियादी अभिषेक विश्वकर्मा ने बताया कि देर रात बाहर आहट सुनकर उनके पिता नर्मदा प्रसाद विश्वकर्मा ने उन्हें बाहर देखने भेजा. बाहर दो बदमाश खड़े मिले, जिन्होंने हमला करने की कोशिश की. अभिषेक किसी तरह घर में घुसकर दरवाजा बंद कर पाए, लेकिन बदमाशों ने पत्थर से दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी. बीच-बचाव करने आई मां सावित्री बाई, चाचा लक्ष्मण विश्वकर्मा और चाची राजमनी बाई को भी डंडों से पीटा गया. बदमाशों ने महिलाओं के सोने के मंगलसूत्र, लौंग, चांदी की पायल, चूड़ियां सहित अन्य आभूषण उतरवा लिए और घर में रखी पलंग पेटी तोड़कर करीब 45 हजार रुपये नकद व लगभग 1.25 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए. कुल लूट करीब 1 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही है.

बेगमगंज को नंबर वन बनाने की कवायद शुरू

बेगमगंज,04 फरवरी. नगर को पुनः स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगरपालिका परिषद अध्यक्ष संदीप लोधी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है. इस अभियान के तहत नगर के प्रत्येक क्षेत्र में 34 नपाकर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके.

नगर के प्रमुख मार्गों और क्षेत्रों को विभिन्न टीमों में विभाजित किया गया है. भोपाल रोड पर पलकमती नाले से कृषि उपज मंडी तक तीन टीमें, अस्पताल मार्केट एवं नया बस स्टैंड क्षेत्र में एक टीम, कबीट चौराहे से पुराना बस स्टैंड तक एक टीम, पुराना बस स्टैंड से सुल्तानगंज तिगड्डे तक दो टीमें तथा भोपाल-सागर मार्ग पर 23 नपाकर्मियों की तैनाती की गई है. इसके अतिरिक्त दो सफाई दरोगाओं को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है. सफाई दरोगा दिनेश सपेरे को वार्ड क्रमांक 1 से 9 तक तथा रघुवीर को वार्ड क्रमांक 10 से 18 तक सफाई व्यवस्था की निगरानी का दायित्व सौंपा गया है. सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ दुकानदारों से अपनी दुकानों पर डस्टबिन रखने, गंदगी फैलाने पर रोक लगाने तथा स्वच्छता वाहनों के माध्यम से मुनादी कर प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है. इसी क्रम में सोमवार को नगर में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई.

किन्नरों की अवैध वसूली से परेशान लोगों ने पुलिस से की शिकायत

- अवैध वसूली की थाने में की शिकायत
- बसई के ग्रामीणों ने बताई अपनी पीड़ा

बैरसिया, 04 फरवरी. बैरसिया बसई निवासी किन्नरों की जोर जबरदस्ती और अवैध वसूली की शिकायत लेकर पांच दर्जन लोग पुलिस थाने पहुंचे. इस मौके पर पार्षद भी मौजूद रहे.

वार्ड - 3 के पार्षद संजय कुशवाह, लीला राम, कैलाश कुशवाह हिम्मत, सिह नितेश आदि ने थाना प्रभारी को शिकायती आवेदन दिया और बताया कि वसई बैरसिया में किन्नरों द्वारा शादी विवाह, बच्चों के जन्म होने या फिर तीज त्योहारों पर टोली बनाकर लोग के घर पहुंच रहे हैं और मनमर्जी से हजारों रुपए मांगे जाते है. जबकि लोग अपनी स्वेच्छा से अधिक राशि किन्नरों को बधाई स्वरूप देते हैं. बावजूद वे मना करने या कम रुपए देने पर धमकियां देते हैं. आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग करने लगते हैं. इससे लोगों को वार्ड / मोहल्ले में अपमानित होना पड़ता है. शिकायतकर्ताओं का कहना है कि किन्नरों की इस अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए या फिर पुलिस प्रकरण दर्ज किए जाए. इस संबंध में लोगों ने पुलिस के साथ एसडीएम को भी शिकायती आवेदन दिया है.

खाना देने जा रही युवती की हत्या, आरोपी का शव मिला

रायसेन. जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के भरतीपुर गांव में दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई. अपने पिता को खेत पर खाना देने जा रही 20 वर्षीय युवती की एक युवक ने बुरी नीयत से पकड़कर दुष्कर्म करने की कोशिश की. युवती के विरोध करने पर आरोपी ने धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी. सुल्तानपुर थानाप्रभारी संतोष सिंह ठाकुर के अनुसार मृतका शिवानी रोज की तरह खेत जा रही थी, तभी गांव के ही 25 वर्षीय प्रकाश सिंह भिलाड़ा ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया.

सावधान सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार **श्री विजय श्रीकिशनदास चांडक,** रह. ४१६, सरस्वती अपार्टमेंट, खरे टाऊन, धरमपेठ, नागपूर इन्होने **श्री नंदकिशोर उर्फ नंदकुमार रामदासपंत बदूकले,** रह. ब्राम्हणवाडा, बैतूल, मध्य प्रदेश, हल्ली मु. रत्नप्रभा अपार्टमेंट, तिसरा माला, खरबी चौक, नागपूर इनसे निम्नलिखीत खेतजमीन खरेदी करने का करारनामा किया है। वह करारनामा आजभी अस्तित्व में है।

इसलिए निम्नलिखीत अचल संपत्ती बाबत कोई भी किसी भी प्रकार का व्यवहार **श्री नंदकिशोर उर्फ नंदकुमार रामदासपंत बदूकले,** इनसे ना करे, करनेपर वह व्यवहार मेरे पक्षकार को लागू तथा बंधनकारक नही रहेंगा तथा होनेवाले नुकसान के लिए व्यवहार करनेवाले स्वयम जिम्मेदार रहेंगे। इसकी नोंद ले।

-: खेतजमीन का विवरण :-

मौजा- ऐनखेडी, पटवारी हलका- दाभोना, तह. आथनेर, जिल्हा बैतूल, मध्य प्रदेश, यहा का खसरा नं. १९५ (एस), आराजी ६.०००० हेक्टर (अंदाजा १५ एकड) इसमें से आराजी २.०००० हेक्टर (अंदाजा ५ एकड) कुल जमा रू. ९.००, खाता नं. २३३, भो.वर्ग १, पूरी खेतजमीन की चतुःसिमा- पूरब- नाला, पश्चिम- सोनाजी कोरकू इनका खेत/ शिव पांधन, उत्तर- महादेवराव गाडबेल इनका खेत, दक्षिण- किसन गाडबेल इनका खेत। नागपूर, दि. ०५/०२/२०२६

अॅड. गिरीष बी. पुरोहीत

"पुरोहीत मेन्शन" १४०, अभ्यंकर नगर, झेंडा चौक, नागपूर- ४४००१०. मो.नं. ९८२३३६५६४४

MADHYA PRADESH JAL NIGAM
(A Govt. of Madhya Pradesh Undertaking)
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER
Har Ghar Jal Jal Jeevan Mission
Project Implementation Unit, Bhopal "D" Wing, Second Floor, Vindhyachal Bhawan, Bhopal-462004
Phone No. : 0755-2993649, E-mail : gmbhopal.mpjalnigam@mp.gov.in
NIT No. 01/PIU/Bhopal/MPJN/2025-26 Bhopal, Dated : 03.02.2026

NOTICE INVITING E-TENDER

(Second Call)

Madhya Pradesh Jal Nigam, Project Implementation Unit, Bhopal invites **Online lump-sum rate bids** for the following work are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling the registration/eligibility criteria, specified in the tender document through Madhya Pradesh Government E-Procurement Portal.

NIT No.	Work	District	PAC (Rs. Lakhs)	EMD (Rs.)	Cost of Tender Document (Rs.)	Time for Completion (including Rainy Season) (Months)
01.	Repairing and preventive maintenance work of Toilets/ Bathrooms drainage system including providing and fixing water closet, wash basins etc. and all allied works at Head Office building of M.P. Jal Nigam Maryadit, Bhopal.	Bhopal	5,73,826/-	11,476/-	2,000/-	02

Interested bidders can view/download/purchase the bid document online from M.P. Government E-Procurement Portal from **04.02.2026, 11:00 Hrs.** Bidding process dates mentioned as critical dates on M.P. Government E-Procurement Portal will be applicable. Corrigendum/Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.
M.P. Government E-Procurement Portal - **https://mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/124315/2026 **GENERAL MANAGER**

THE M.P. STATE AGRO INDUSTRIES DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
(A State Government Undertaking), GSTN - 23AACCM0330Q1ZM
IIIrd Floor, Panchanan Building, Malviyia Nagar, Bhopal.
E-mail : mpagrohobpl@gmail.com, Ph. : (0755)-2551967, 2551756
HO/HORTI/SEED TEST LAB/2025- 26/3750 DATED : 04.02.2026

NOTICE INVITING TENDER

On behalf of Directorate of Horticulture and Food Processing, online e-tender in prescribed document from eligible parties are invited for supply of Seed Testing Laboratory Equipments in toto on Turn Key Basis upto 26.02.2026 by 3.00 pm along with online deposit of earnest money. The detailed e-tender and other information can be seen at www.mpagro.org.in and www.mptenders.gov.in however participation is to be made through www.mptenders.gov.in only. Corrigendum will be published in these websites only. The Managing Director of the Corporation reserves the right to amend / reject terms and conditions or the tenders without assigning any reason thereof.
M.P. Madhyam/124310/2026 **MANAGER (HORTICULTURE)**

MADHYA PRADESH STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD
26-Arera Hills Jail Road, Bhopal
Board/Nirman/P.Cell/Water Treatment/25-26/2396
Bhopal, Dated : 04.02.2026

NOTICE INVITING TENDER

Online Lump-Sum Rate E-Tenders are invited from the eligible bidders for **Supplying, Installing, Commissioning, Testing, Repair and Maintenance of PLC based CBR-MMS integrated Centralized Automatic Bacteriological Treatment Plant with Online Comprehensive Analyzer at Mandi Yards (APMC - Berasia, District Bhopal, APMC - Sehore, District Sehore, APMC - Ganj Basoda, District Vidisha, APMC - Harda, District Harda, APMC - Pipariya, District Narmadapuram, APMC - Itarsi, District Narmadapuram, APMC - Badnawar, District Dhar, APMC - Khargone, District Khargone, APMC - Ashta, District Sehore, APMC - Burhanpur, District Burhanpur, APMC - Ujjain, District Ujjain, APMC - Dewas, District Dewas, APMC - Neemuch, District Neemuch, APMC - Jaora, District Ratlam, APMC - Agar, District Agar-Malwa, APMC - Guna, District Guna, APMC - Ashoknagar, District Ashoknagar, APMC - Jabalpur, District Jabalpur, APMC - Seoni, District Seoni, APMC - Satna, District Satna) for treatment of water as per BIS standards vide IS:10500-2012. (Tender Number : 2026_MPSAM_480228) (PAC amount Rs. 380.00 Lakh).** The following Tender to be received **Online up to 5:30 PM on 26.02.2026.** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**
Note : Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of project and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

EXECUTIVE ENGINEER (PROJECT CELL)
M.P. Madhyam/124303/2026

CENTRUM Home Loans Aao milkar ghar banaye

कॉर्पोरेट एवं रजिस्टर्ड ऑफिस : यूनिट नं. 801, सेन्ट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलिना सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई- 400098,
CIN No. U65922MH2016PLC273826

डिमांड नोटिस

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एंड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के सेक्शन 13 (2) के अंतर्गत सहपठित सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 3 (1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एंड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (कथित एक्ट) के अंतर्गत सेंट्रम हाउसिंग फायनेंस लि. का अधिकृत अधिकारी है. अधिकृत अधिकारी ने कथित एक्ट की धारा 13 (2) के अंतर्गत कथित एक्ट के सेक्शन 13 (2) सहपठित सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्स 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, निम्नलिखित ऋण प्राप्तकर्ताओं (कथित ऋण प्राप्तकर्ता) को उनको जारी डिमांड नोटिसों में उल्लेखित राशियों के भुगतान के लिए कहा है, जिन्हें नीचे दिया जा रहा है. उक्त के संबंध में कथित ऋण प्राप्तकर्ता को इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिनों के अंदर सेंट्रम हाउसिंग फायनेंस लि. को नीचे उल्लेखित राशियों /अन्य ब्याजों एवं अन्य चार्जेस सहित बकाया राशि के पूर्ण भुगतान की तिथि तक, डिमांड नोटिसों में दिए विवरण अनुसार, नीचे दी गई तिथि से भुगतान और / या वसूली की तिथि तक लोन एग्रीमेंट सहपठित अन्य दस्तावेज/ राइटिंग्स, यदि कोई हो, कथित ऋण प्राप्तकर्ताओं द्वारा निष्पादित किया गया हो, के भुगतान के लिए एतद् नोटिस दी जाती है. बकाया ऋण के भुगतान की सिक्योरिटी के रूप में कथित ऋण प्राप्तकर्ताओं द्वारा निम्न एसेट्स सेंट्रम हाउसिंग फायनेंस लि. को मार्टगेज किए गए हैं.

क्र.	ऋण प्राप्तकर्ता (कर्ताओं)/ सह ऋण प्राप्तकर्ता (कर्ताओं) गारंटर (रों) के नाम/ ऋण राशि/ शाखा	कुल बकाया राशि (रु.)	एनपीए तिथि सेक्शन 13 (2) नोटिस तिथि एफसीएल तिथि	सिक्योर्ड एसेट्स (अचल संपत्ति) का विवरण
1.	BHOBH17000191 एवं BHOBH24017575/ इंद्र मीरचंदानी/संदीप मीरचंदानी/ राजेन्द्र कुमार मीरचंदानी	रु.18,22,709.00 (रु. अट्ठारह लाख बाइस हजार सात सौ नौ मात्र)	08-01-2026 27-01-2026 23-01-2026	अचल संपत्ति के अधिकार, हिस्से और पार्सल में फ्लैट नंबर S-01, दूसरी मंजिल गायत्री भवन, प्लॉट नंबर 243, क्षेत्रफल 550 वर्ग फुट, लावन्या गुरुकुल गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित पंचवटी कॉलोनी, गांव सिंगारचोली, जिला- भोपाल-462001, मध्य प्रदेश. सीमाएँ- पूर्व- प्लॉट नंबर 232, पश्चिम- 7.5 मीटर चौड़ी सड़क, उत्तर- प्लॉट नंबर 242, दक्षिण- फ्लैट नंबर 244.
2.	BHOVD24015965/ कमलेश राय/ क्रांतिबाई राय	रु.15,55,329.00 (रु. पन्द्रह लाख पचपन हजार तीन सौ उन्तीस मात्र)	08-01-2026 27-01-2026 23-01-2026	अचल संपत्ति के अधिकार, हिस्से और पार्सल में आवासीय एक मंजिला मकान, सर्व नंबर 303/2/2/2/1 का हिस्सा, क्षेत्रफल 1080 वर्ग फुट, वार्ड नंबर 13, छत्रपति शिवाजी वार्ड गैरतगंज नगर, पी.एच.एन. 30, गांव और तहसील- गैरतगंज, जिला- रायसेन-464884, मध्य प्रदेश. सीमाएँ- पूर्व- रमेश जोशी का घर, पश्चिम- शिवराज कुशवाहा का घर, उत्तर- 5 फुट कॉलोनी रोड, दक्षिण- बृजेश साहू का घर.
3.	JLRSG20005217/ राजेन्द्र नगरिया/ रानी नगरिया	रु.11,88,294.00 (रु. ग्यारह लाख अठासी हजार दो सौ चौरानवे मात्र)	08-01-2026 27-01-2026 24-01-2026	अचल संपत्ति के अधिकार, हिस्से और पार्सल में खसरा नंबर 126/16, 127/2, 127/3 और 127/4 के हिस्से पर प्लॉट, क्षेत्रफल 1033 वर्ग फुट, पी.एच. नंबर 64, मौजा -धर्मश्री, अंबेडकर वार्ड नंबर 48, सर्किल सागर-1, तहसील और जिला- सागर-470003, मध्य प्रदेश. सीमाएँ- पूर्व- 17 फुट चौड़ी सड़क, पश्चिम- लाडियाजी का प्लॉट, उत्तर- 3 फुट चौड़ा नाला, दक्षिण- ठाकुर साहब का प्लॉट.

यदि उक्त ऋण प्राप्तकर्ता पूर्व कथित अनुसार सेंट्रम हाउसिंग फायनेंस लि. को भुगतान करने में असमर्थ रहते हैं तो सेंट्रम हाउसिंग फायनेंस लि. एक्ट के सेक्शन 13 (4) एवं लागू नियमों के अंतर्गत कथित ऋण प्राप्तकर्ताओं के व्यय एवं परिणामों हेतु पूर्ण जोखिम पर कार्यवाही करेगी. उक्त ऋण प्राप्तकर्ताओं को एक्ट के अंतर्गत पूर्व उल्लेखित एसेट्स के ट्रांसफर हेतु निषिद्ध किया जाता है, जो सेंट्रम हाउसिंग फायनेंस लि. की पूर्व लिखित अनुमति के बिना बिक्री, लीज या अन्य किसी प्रकार से नहीं किया जा सकता. कथित एक्ट अथवा नियमों के उल्लंघन या उल्लंघन में सहायक किसी व्यक्ति को इस एक्ट के अंतर्गत कारावास और / अथवा पेनाल्टी का उत्तरदायी होगा.

स्थान : मध्यप्रदेश
तिथि : 5/2/2026

हस्ता./.
अधिकृत अधिकारी
कृते सेंट्रम हाउसिंग फायनेंस लि.

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग विदिशा, म.प्र.

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 124 से 135/2025-26 **विदिशा, दिनांक 30/1/2026**
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

क्र.	टेंडर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ईएमडी
1.	2026_PWDRB_479151_1	विदिशा	मार्ग निर्माण कार्य	बांसखेड़ा अस्पताल से चौपना मार्ग निर्माण कार्य. लंबाई 3.10 कि.मी.	प्रथम	272.58	272580.00
2.	2026_PWDRB_479157_1	विदिशा	मार्ग निर्माण कार्य	बरेण्डा से मोईया नाला सिरोंज लटेरी मार्ग व्हाया जहारपुर जलालपुर मार्ग लंबाई 4.60 कि.मी. में मार्ग निर्माण कार्य.	प्रथम	395.83	395830.00
3.	2026_PWDRB_479196_1	विदिशा	मार्ग निर्माण कार्य	महामाई मंदिर वीरपुर में दो पहिया एवं चार पहिया सी.सी. वाहन पार्किंग (21000 वर्गमीटर) निर्माण कार्य.	प्रथम	233.05	233050.00
4.	2026_PWDRB_479206_1	विदिशा	मार्ग निर्माण कार्य	महौटी से कालादेव व्हाया नारायणखेड़ा मार्ग निर्माण कार्य. लंबाई 3.60 कि.मी.	प्रथम	372.37	372370.00
5.	2026_PWDRB_479210_1	विदिशा	मार्ग निर्माण कार्य	महुआ खेड़ा से रुसल्ली मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 3.40 कि.मी.	प्रथम	433.41	433410.00
6.	2026_PWDRB_479222_1	विदिशा	भवन मरम्मत कार्य	न्यू बस स्टैंड से बासौदा भोपाल बायपास मार्ग निर्माण कार्य.	प्रथम	231.56	231560.00
7.	2026_PWDRB_479235_1	विदिशा	एम.टी.एम.सी. कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक-1 विदिशा (जूडिशियल डिपार्टमेंट) अंतर्गत एस.आर., ए.आर., एम.ओ.डब्ल्यू एवं डिपॉजिट कार्य.	द्वितीय	105.00	105000.00
8.	2026_PWDRB_479248_1	विदिशा	(एसटीएमसी) कार्य	करारिया शमशाबाद रोड लंबाई 34.00 कि.मी., कुरवाई भौंरासा क्रॉसिंग से रूसिया सडेरा कमखेड़ी पीकलोन अरनोट किरवाया बरखेड़ा मार्ग लंबाई 5.00 कि.मी., पौआनाला से चटुआ मार्ग लंबाई 7.00 कि.मी. कुल लंबाई 46.00 कि.मी. में (अंतर्गत) मार्ग मरम्मत कार्य.	द्वितीय	225.75	225750.00
9.	2026_PWDRB_479254_1	विदिशा	मार्ग निर्माण कार्य	ग्राम पंचायत थानेर से गुफा मंदिर मार्ग से लौधाखेड़ी व्हाया पीपलखेड़ा केनाल मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. में निर्माण कार्य.	द्वितीय	259.65	259650.00
10.	2026_PWDRB_479322_1	विदिशा	विशेष मजबूतीकरण कार्य	बेसनगर निमखिरिया छिरखेड़ा मार्ग लंबाई 3.50 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य.	प्रथम	94.53	94530.00
11.	2026_PWDRB_479333_1	विदिशा	विशेष मजबूतीकरण कार्य	इमलावदा चिरावटा सिरसावली मार्ग लंबाई 8.00 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य.	प्रथम	214.74	214740.00
12.	2026_PWDRB_479352_1	विदिशा	विशेष मजबूतीकरण कार्य	शमशाबाद मार्ग से कोटरा नामाखेड़ी कोठीचारकला सूखा सेमरा मार्ग (करैया शमशाबाद मार्ग से कोठीचार सेमरा) लंबाई 7.00 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य.	प्रथम	169.40	169400.00
				योग		**3007.87**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा. निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 17/2/2026 (17.30 बजे) निर्धारित है. विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है. निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जाएगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा.
G25317/25 **कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग विदिशा**